मोटिवेशन

मित्र वही जो भीड़ में खोने ना दे और जिंदगी में पक्का लक्ष्य वही जो रातों में सोने ना दे!

रतलाम पत्रिका

PRIME प्राइम

रतलाम, गुरुवार, 29 अक्टूबर, 2026

जावरा. आलोट. सैलाना. बाजना. पिपलौदा. ताल. सुखेड़ा. बड़ावदा. रावटी. नामली.

patrika.com पत्रिका

शहर मौसम फोरकास्ट — हल्के बादल छाए रहेंगे (स्रोत- मौसम केंद्र टोंक)

तापमान	ह्यूमिडिटी	हवा की गति
अधि 33.0° | न्यू 17.6°	80%(अधिकतम)	6.0 किमी/घंटा

पॉल्यूशन स्तर (AQI) — रतलाम 71 30%

अच्छा 00-50 | ठीक 51-100 | मध्यम 101-200 | खराब 201-300 | गंभीर 301-400 | खतरनाक 401-500

रीडर्स कनेक्ट हम से जुड़े रहे

आप अपने आसपास की समस्या, कार्यक्रम व अन्य सूचना नीचे दिए गए मेल या नंबर पर भेज सकते हैं।

वॉट्सएप नंबर **7987438068**

ई-मेल: ashish.pathak@in.patrika.com

कोड स्कैन कर पत्रिका ऐप डाउनलोड कर अपने क्षेत्र की खबरों से अपडेट रहें।

जेन-जी के समर्पण की कहानी : पत्नी की लंबी उम्र की कामना के साथ पति रखेंगे व्रत

इस करवाचौथ का चांद, मोहब्बत के नाम... अब पति भी कहेंगे तुम्हारे लिए व्रत मेरा भी



सुहाग पर्व
करवा चौथ

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. करवाचौथ की रात चांद तो वही होगा, छलनी भी वही और पूजा की थाली भी वही, लेकिन इस बार जेन जी के समर्पण की कहानी में एक नया मोड़ है। अब सिर्फ पत्नी ही पति की लंबी उम्र के लिए व्रत नहीं रखेगी, बल्कि पति भी साथ भूखे-प्यासे रहकर प्यार का इजहार करेंगे। जेन-जी के लिए करवाचौथ अब केवल रस्म नहीं, बल्कि हम साथ हैं, कहने का खूबसूरत बहाना बन रहा है।

जेन-जी का मंत्र...तुम मेरे लिए, मैं तुम्हारे लिए

नई पीढ़ी करवाचौथ की परंपरा को छोड़ नहीं रही, बल्कि उसमें बराबरी का रंग भर रही है। सोलह शृंगार, पूजा की थाली, छलनी से चांद के दीदार और सोशल मीडिया पर कपल फोटो के बीच अब एक नया संदेश भी है प्यार में हिसाब नहीं, साथ मायने रखता है। क्योंकि रिश्ते की खूबसूरती इस बात में नहीं कि किसने कितना त्याग किया, बल्कि इसमें है कि मुश्किल हो या खुशी, दोनों एक-दूसरे का हाथ थामे रहें।



करवाचौथ : यादें होंगी जिंदगीभर की



कैजुल और माधुरी।

माधुरी-कैजुल और अवि-आंचल के लिए इस बार का करवाचौथ बेहद खास है। शादी के बाद पहली बार आने वाले इस पर्व को दोनों कपल कुछ अलग अंदाज में मनाएंगे। परिवार के साथ रामगढ़ चौड़ावास में चंद्रदेव के दर्शन और



अवि और आंचल।

अर्घ्य देकर व्रत पूरा करने की तैयारी है। खास बात यह कि इस बार पत्नियों के साथ पति भी व्रत रखेंगे। दिनभर एक-दूसरे का ध्यान रखने से लेकर चांद निकलने के इंतजार तक, हर पल साथ बिताने की योजना है।

प्यार का पहला व्रत, पत्नी के नाम



इसी साल 26 अप्रेल को शादी के बंधन में बंधे राजीव नगर निवासी **राकेश पोरवाल और स्वाति पोरवाल** के लिए भी यह पहला करवाचौथ है। राकेश पत्नी के साथ व्रत रखकर इस दिन को यादगार बनाना चाहते हैं। उनके लिए यह सिर्फ परंपरा निभाना नहीं, बल्कि यह जताना है कि रिश्ते में जिम्मेदारियां और भावनाएं दोनों की साझा हैं।

शिवानी-सारांश का पहला करवाचौथ



शिवानी-सारांश अग्रवाल ने बताया हमारा पहला करवा चौथ व्रत है। सारांश की लम्बी उम्र और सुखी दाम्पत्य जीवन के लिए शिवानी निर्जला व्रत रखेंगी। इसे यादगार बनाने के लिए सोलह शृंगार कर परम्परानुसार पूजा कर शाम को चांद उदय होने पर पूजन के साथ व्रत खोला जाएगा।

सरदार पटेल जयंती पर वाहन रैली, बुलंद होगी आवाज



रतलाम @ पत्रिका. लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती 31 अक्टूबर को उत्साह के साथ मनाई जाएगी। राष्ट्रीय सरदार पटेल सेना और सर्वसमाज के नेतृत्व में आयोजित वाहन रैली सुबह 11.30 बजे आंबेडकर ग्राउंड से शुरू होकर विधायक सभागृह बरबड़ पहुंचेंगी।

राष्ट्रीय सरदार पटेल सेना के प्रदेश अध्यक्ष महेश पाटीदार ने किसानों से जुड़ी 21 मांगें सामने रखी हैं। इनमें फसलों का लागत के आधार पर उचित मूल्य, लंबित फसल बीमा राशि का भुगतान, मंडी चुनाव शीघ्र कराने और मंडियों में किसानों को 80 प्रतिशत प्रतिनिधित्व देने की मांग शामिल है। इसके अलावा सिंचाई के लिए पानी, खाद के लिए इ-टोकन व्यवस्था में सुधार, कृषि उपज के विपणन के लिए सरकारी मंडियां खोलने, युवाओं को रोजगार तथा जंगली जानवरों से फसलों की सुरक्षा जैसे मुद्दे भी उठाए गए हैं। पाटीदार ने बताया कि 70 के करीब गांवों से सर्वसमाजजन वाहन रैली में शामिल होंगे। रैली आंबेडकर ग्राउंड से शुरू होकर दो बत्ती चौराहा, न्यू रोड, लोकेंद्र टॉकीज, सैलाना बस स्टैंड होते हुए राम मंदिर, अलकापुरी से बरबड़ विधायक सभागृह पहुंचकर समाप्त होगी।

पंजाब एण्ड सिंध बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) — Punjab & Sind Bank (A Govt. of India Undertaking)

जहाँ सेवा ही जीवन- ध्येय है

क्षेत्रीय कार्यालय: द्वितीय तल, भारतीय स्टेट बैंक के पास, नयापुरा, कोलार रोड, अकबरपुर, मेन कोलार रोड, भोपाल -462042
फोन : 0755-4249988, 4243700, 4203836

QR CODE FOR SERVICE PROVIDER

अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई-नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना दिनांक 17.12.2026 को दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन (SARFAESI) अधिनियम, 2002 (2002 की संख्या 54) के अंतर्गत बैंक को गिरवी रखी गई अचल संपत्ति की बिक्री। जबकि, पंजाब एण्ड सिंध बैंक के प्राधिकृत अधिकारी ने वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुर्नर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन (SARFAESI) अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत जारी नोटिस के अनुसार हमारी शाखा में निम्नलिखित ऋण खातों में निम्नलिखित संपत्ति/संपत्तियों का सांकेतिक कब्जा ले लिया है, जिन्हें बैंक के बकाया की वसूली के लिए ''जैसा है जहाँ है, जिस स्थिति में है और जो कुछ भी वहाँ मौजूद है'' बेचने का अधिकार है। बिक्री https://www.Baanknet.com पर उपलब्ध कराए गए ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से नीचे हस्ताक्षरकर्ता द्वारा की जाएगी।

अचल संपत्ति का विवरण

क्र. सं.	शाखा / खाते / ऋणी / जमानतदारों के नाम	संपत्ति का विवरण	Qr Code For Property Image/video	Qr Code For Property Location	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि	मांग सूचना दिनांक एवं बकाया राशि (रु.) +भविष्य में देय ब्याज एवं अन्य खर्च
	रतलाम शाखा : 122/2, स्टेशन रोड रतलाम, फोन : 07412-230837 प्राधिकृत अधिकारी : नबा गोपाल सामल, 7814728445					
1.	ऋणी: **मेसर्स गरीब नवाज इंफ्रा** जमानतदार: (1) श्री सैय्यद मोहब्बत अली पुत्र सैय्यद वाहिद अली, (2) श्री हासिम खान पुत्र मंसूर खान (3) सैय्यद अख्तर अली पुत्र वाहिद अली	संपत्ति का समस्त भू भाग रिहायशी डायवर्टेड भूमि सर्वे नं. 233/1, रकबा/ क्षेत्रफल 1.160 हेक्टेयर अर्थात 124816 वर्गफुट, प.ह. नं. 25, वार्ड नंबर 29, बाईपास रोड, कस्बा रतलाम, तहसील और जिला रतलाम, (म.प्र.)- 457001, संपत्ति मालिक- स्व. सैयद अली के बेटे सैयद अख्तर अली चर्तुसीमाएँ: पूर्व - श्रीमती रहमत बी की कृषि भूमि सर्वे नंबर 232, पश्चिम - श्रीमती रहमत बी की कृषि भूमि सर्वे नंबर 186/6, उत्तर - श्रीमती रहमत बी की कृषि भूमि सर्वे नंबर 232/1, दक्षिण - श्रीमती कुलसुम बी की कृषि भूमि सर्वे नंबर 233/2 कब्जे का प्रकार - सांकेतिक			₹ 8,65,00,000/- ₹ 86,50,000/- ₹ 8,65,000/-	दिनांक : 30.04.2026 ₹ 68209941/- + दि. 01.05.2026 से देय ब्याज एवं अन्य खर्च

संपत्ति निरीक्षण दिनांक एवं समय : 15.12.2026 (सुबह 10.00 से दोपहर 3.00 बजे तक)
ईएमडी एवं दस्तावेज जमा करने की दिनांक 16.12.2026 शाम 6.00 बजे तक

बोलीदाताओं द्वारा ईएमडी को ई-नीलामी पोर्टल अर्थात www.Baanknet.com/ पर उपलब्ध कराए गए अपने वॉलेट में एनईएफटी के माध्यम से स्थानांतरित किया जाएगा।
खाते का विवरण जिसमें ईएमडी के बाद शेष राशि एनईएफटी के माध्यम से जमा की जानी है: ,खाते का नाम-एनईएफटी पार्किंग खाता; खाता संख्या-80215040070003; आईएफएस कोड- PSIB0008021
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया https://punjabandsindbank.co.in/module/sarfaesi-list & https://www.Baanknet.com देखें
इस नोटिस को नियम 8(6) प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन), नियम 2002 के तहत ऋणियों एवं जमानतदारों (एल/आर) को 30 दिनों की वैधानिक बिक्री नोटिस के रूप में भी माना जाना चाहिए।

दिनांक : 28.10.2026 स्थान-रतलाम प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब एण्ड सिंध बैंक

हम बनाते है पूरे घर का
कस्टमाईज़ मज़बूत फर्नीचर

upto 50% Discount
on Readymade Furniture







ABM®
FURNITURES PVT. LTD.
Customize Your Dreams

Customized Furniture | Bedroom Furniture | Modular Kitchens | Wardrobes | Sofas | Dinings

INDORE SHOWROOM
ABM FURNITURE
Opp. Hotel Radisson Blu, Sector 94-C,
Ring Road, Indore-452010 (M.P.)

INDORE FACTORY
101/3/1, Opposite Delhivery Hub,
Village Lasudiya Parmar Dakachya,
Indore-Dewas By-pass, Indore - 453771

Call - 98937 12265

RATLAM SHOWROOM
ANAND BIG MALL
Survey No. 249/1/4, Anand Big Mall,
Near Midtown, Ratlam - 457001 (M.P.)

RATLAM FACTORY
Survey No. 2/1/3/1/1/1/2, Surakhedi,
Behind Omaxe City, Ratlam
Ratlam- 457001 (M.P.)

Call - 89895 95656